## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 07.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का किया उद्घाटन, कहा–एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है वंदे मातरम।
- घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार में सभी राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत, आज भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरन करेंगे जनसभा।
- राज्य की नयी डीजीपी तदाशा मिश्रा ने संभाला पदभार, कहा–महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता।
- पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा इलाके में सुरक्षआ बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, कई नक्सलियों के घायल होने की सूचना, सर्च अभियान जारी।
- दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता रांची में शुरु, तीन दिनों चलने वाली इस प्रतियोगिता में पांच जिलों की पुलिस टीम ले रही हैं भाग।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने वंदेमातरम 150 डॉट इन पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डाल सकते हैं और प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

******************

इधर, रांची के मोरहाबादी में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ भी दिलायी गयी। उधर, भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भी सामूहिक गीत का आयोजन किया। इस मौके विधायक सीपी सिंह ने राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया।

इधर, रांची के आकाशवाणी केन्द्र में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया।

******************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार पर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा की ओर से आज पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, झामुमो प्रत्याशी के लिए पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

******************

इसके साथ ही राजनीतिक दलों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सरकार पर खनिज संपदाओं की लूट में माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

उधर, झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने भाजपा नीति केन्द्र सरकार पर झारखंड की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

इस बीच झारखंड लोकतांत्रिक क्रातिकारी मोर्चा –जेएलकेएम प्रमुख जयराम महतो ने कहा है कि भाजपा झामुमो दोनों ने साथ मिलकर झारखंड को बर्बाद किया है। इसलिए भाजपा और झामुमो को घाटशिला उपचुनाव में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं है।

******************

1994 बैच की आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा ने आज पुलिस मुख्यालय पहुंचकर प्रभारी डीजीपी का कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता महिला सुरक्षा और अपराध पर लगाम लगाना होगा। इसके साथ ही, उग्रवाद पर नियंत्रण और राज्य में कानून–व्यवस्था को बनाए रखना भी उनकी विशेष प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

यह झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी महिला आईपीएस अधिकारी को राज्य के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल के इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जानकारी के मुताबिक जिला पुलिस और कोबरा 209 के जवान सारंडा जंगल के कोलापू क्षेत्र में नक्सलियों के दस्ते की मौजूदगी की खबर पर सर्च अभियान चला रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। इसमें कई नक्सलियों को गोली लगने की सूचना है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है।

******************

रांची में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को राशन वितरण के साथ सामाजिक जिम्मेदारियां भी जिला प्रशासन की ओर से दी गई है।

******************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में लगभग शून्य दशमलव तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 265 अंक गिरकर 83 हजार 46 पर और निफ्टी 74 अंक गिरावट के साथ 25 हजार चार सौ 36 पर था।

******************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 12 हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 57 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में आज से तीन दिवसीय दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरु हो गयी। इस प्रतियोगिता में रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले की पुलिस टीम भाग ले रही है। रांची के जोनल आईजी मनोज कौशिक ने इसका शुभारंभ किया। मौके पर एसएसपी राकेश रंजन के साथ–साथ सिमडेगा और खूंटी के पुलिस अधीक्षकों भी मौजूद रहे। उद्घाटन के मौके पर आईजी मनोज कौशिक ने कहा कि खेलकूद न सिर्फ शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि तनाव भी कम करता है।

******************

भारतीय हॉकी के गौरवशाली 100 वर्षों के उपलक्ष्य में आज से राष्ट्रव्यापी समारोह हो रहे हैं। शताब्दी समारोह के अंतर्गत 550 जिलों में एक हजार चार सौ से अधिक मैच खेले जाएँगे। इसी क्रम में हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले सिमडेगा जिले में भी महिला और पुरुष वर्ग का विशेष हॉकी मैच खेला गया।

महिला वर्ग का मैच एसटीसी लचरागढ और एसटीसी सिमडेगा के बीच हुआ, इस रोमांचक मैच में एसटीसी लचरागढ़ की टीम ने 2–1 से मैच में जीत हासिल की। पुरुष वर्ग का मैच लिटिल टाइगर क्लब और एसटीसी सिमडेगा के बीच हुआ। इसमें लिटिल टाइगर क्लब की टीम ने 3–2 गोल से जीत हासिल की। शाम चार बजे से महिला का वर्ग का एक और मैच सिमडेगा कॉलेज एकादश बनाम नेहरू टीम एकादश के बीच होगा।

******************